


बड़बोले रज्जाक का बयान

मुझे तो नहीं लगता है कि पाकिस्तान की टीम से भारतीय टीम मुकाबला कर सकती है। पाकिस्तान में जिस तरह का टैलेंट है वो बिल्कुल ही अलग है। मुझे नहीं लगता कि यह क्रिकेट के लिए सही है कि भारत और पाकिस्तान की टीमें आपस में नहीं खेल रही। मेरे ख्याल से तो ऐसा होना चाहिए जिससे कि पूरी दुनिया को पता चल सके कि जो टैलेंट पाकिस्तान के पास है वह भारतीय टीम के पास नहीं।

## पाकिस्तान को टीम इंडिया कभी हरा ही नहीं सकता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच द्विपक्षीय सीरीज कराने को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड हमेशा से ही आइसीसी के दरवाजे पर हाथ जोड़े खड़ा रहता है। कभी जोर जबरदस्ती से तो कभी गिड़गिड़ाकर या फिर धमकाकर आइसीसी से पीसीबी किसी तरह से भारत को उसके साथ सीरीज खेलने का दबाव बनाने की कोशिश में रहती है। अब पाकिस्तान के पूर्व आलराउंडर अब्दुल रज्जाक ने ऐसा बयान दिया है जिसको सुनने के बाद आपकी हंसी छूट जाएगी। क्रिकेट के तीनों (टेस्ट, वनडे और टी20) ही फार्मेट भारतीय टीम आइसीसी रैंकिंग में पाकिस्तान से आगे है। टीम इंडिया के खिलाफ आज तक आइसीसी वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की टीम कोई मैच नहीं जीत पाई है। पहले आइसीसी टी20 विश्व कप का खिताब भारत ने पाकिस्तान को ही फाइनल में हराकर जीता था। पहले आइसीसी टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भी भारतीय टीम ही पहुंची थी। पाकिस्तान हर मामले में टीम इंडिया के पीछे है फिर भी पाकिस्तान के पूर्व आलराउंडर ऐसे बयान दे रहे हैं जिसको सुनकर हर कोई सिर्फ और सिर्फ हंस ही सकता है।

# निश्चित तौर पर निजी जंग नहीं, सभी अलग होते हैं

क्रिकेट

## ऋषभ पंत के शरीर से गेंद लगने के बाद रन भागे थे रविचंद्रन अश्विन




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान इंग्लैंड और कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान इयोन मोर्गन के साथ मैदान पर बहस से जुड़े विवाद को खत्म करने का प्रयास करते हुए कहा कि यह निजी लड़ाई नहीं थी बल्कि खेल कैसे खेला जाना चाहिए इसे लेकर नजरिए में अंतर था। पिछले हफ्ते दिल्ली कैपिटल्स और नाइट राइडर्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान ऋषभ पंत के शरीर से टकराकर गेंद के दूर जाने पर अश्विन ने एक रन लेने का प्रयास किया था।

अश्विन की इसके बाद इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान के साथ बहस हुई थी जिसने भारतीय क्रिकेटर पर खेल भावना के तहत नहीं खेलने का आरोप लगाया था। एमसीसी के नियमों में हालांकि साफ किया गया है कि बल्लेबाज के शरीर से गेंद लगने के बाद रन लेने की इजाजत है।

इंग्लैंड को भी इस तरह की घटना में फायदा मिला था जब 2019 विश्व कप फाइनल में बाउंड्री के करीब से किया गया थ्रो बेन स्टोक्स के बल्ले से लगकर चार रन के लिए चली गई थी और अंपायर ने ओवरथ्रो के रन दिए थे और अंततरू इंग्लैंड खिताब जीतने में सफल रहा था। अश्विन ने सोमवार को रात चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि यह निश्चित तौर पर निजी लड़ाई नहीं है और मैं इसे इस तरह देखता भी नहीं हूं। जो लोग ध्यान खींचना चाहते हैं वे ऐसा कर सकते हैं लेकिन मैं इसे इस तरह नहीं देखता।'

उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि गेंद ऋषभ से लगकर गई है। इसलिए मुझे लगा कि उन्होंने फैसला लिया था कि वे निशाना बनाएंगे और यही कारण है कि मैंने कहा कि जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया वे सही नहीं थे।'

अश्विन ने मैच के बाद ट्विटर पर मोर्गन और टिम साउथी को 'अपमानजनक' शब्दों का इस्तेमाल नहीं करने और उन्हें 'खेल भावना' का पाठ नहीं पढ़ाने को कहा था। अश्विन के आउट होने के बाद तेज गेंदबाज साउथी ने भारतीय गेंदबाज से कहा था, 'जब आप धोखेबाजी करते हो तो ऐसा ही होता है।' भारतीय स्पिनर को इसके बाद मोर्गन और साउथी की ओर बढ़ते देखा गया था जिसके बाद दिनेश कार्तिक ने बीच बचाव करके मामले को ठंडा किया। अश्विन ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें समझने की जरूरत है कि सांस्कृतिक रूप से सभी लोग अलग होते हैं, लोगों को जिस तरह इंग्लैंड और भारत में क्रिकेट खेलना सिखाया जाता है, सोचने का तरीका बिलकुल अलग है।' उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यहां कोई गलत है।'

# टी 20 क्रिकेट के लिए सबसे परफेक्ट क्रिकेटर हैं रविंद्र जडेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा हर फॉर्मेट में भारतीय टीम के लिए बहुत अहम खिलाड़ी हैं। फिलहाल वह इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे हैं। जल्द ही वह टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए खेलते हुए नजर आएंगे।

जडेजा ने अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग के इस सीजन में 13 मैचों की 10 पारियों में 212 रन बनाए हैं। उनका बल्लेबाजी औसत 70.67 का रहा है। वह सात बार नॉट आउट रहे हैं। 152.52 का है। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 9 विकेट भी लिए हैं। इनका औसत 30.6 का रहा है। अपनी बोलिंग और बैटिंग के साथ ही सौराष्ट्र के इस क्रिकेटर की गिनती दुनिया के चोटी के फील्डर्स में होती है।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने जडेजा को टी20 क्रिकेट के लिए परफेक्ट क्रिकेटर बताया है। सोमवार को हमारी सहयोगी वेबसाइट क्रिकबज के साथ बातचीत में कहा कि जडेजा अपनी प्रतिभा के दम पर टीम में कई आयाम लेकर आते हैं।

उन्होंने कहा, रविंद्र जडेजा शानदार खिलाड़ी हैं। वह सब कुछ कर सकते हैं। अगर आप एक टी20 क्रिकेट को तैयार कर रहे हैं, अगर आप क्रिस गेल की ताकत और विराट कोहली चतुराई की जरूरत होती है। लेकिन आप शुरुआत से एक क्रिकेटर तैयार करना चाहते हैं तो आपको रविंद्र जडेजा को नजर में रखना चाहिए। जडेजा सब कुछ कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, वह एक अविश्वसनीय फील्डर हैं। वह बाएं हाथ से कमाल की स्पिन गेंदबाजी कर सकते हैं। अगर पिच में टर्न है तो वह दुनिया के किसी भी सर्वश्रेष्ठ स्पिनर के बराबर हैं। अगर आपके विकेट जल्दी गिर गए हों तो वह टीम को संभाल सकते हैं। और अगर सिर्फ 15 गेंद बची हों तो वह पहली से ही आक्रामक बल्लेबाजी कर सकते हैं। वह एक परफेक्ट टी20 क्रिकेटर हैं।

## टीम इंडिया के भविष्य हैं युवा आलराउंडर वाशिंग्टन सुंदर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पास इस समय आलराउंडर के तौर पर तेज गेंदबाजी के लिए हार्दिक पांड्या हैं, जबकि स्पिन गेंदबाजी के लिए रवींद्र जड़ेजा हैं, लेकिन भारतीय टीम का भविष्य भी तैयार हो गया है। जी हां, हम बात कर रहे हैं वाशिंग्टन सुंदर की जो आज यानी 5 अक्टूबर 2021 को अपना 22वां जन्मदिन मना रहे हैं। वाशिंग्टन सुंदर दाएं हाथ के आफ ब्रेक गेंदबाज हैं, लेकिन बल्लेबाजी वे बाएं हाथ से करते हैं। कई मौकों पर उन्होंने साबित किया है कि वे उभरते आलराउंडर हैं और भारतीय टीम का भविष्य हैं।

22 साल के हुए वाशिंग्टन सुंदर तीनों फार्मेट में टीम इंडिया के लिए डेब्यू कर चुके हैं, लेकिन ज्यादा मौके उनको नहीं मिल पाए हैं, क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों को उनसे पहले प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता है। हालांकि, हैरान करने वाली बात ये है कि भारतीय टीम के लिए वाशिंग्टन सुंदर ने जिस प्रारूप में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था, उस प्रारूप में वे अभी तक एक ही मैच खेल पाए हैं। जी हां, वाशिंग्टन अभी तक सिर्फ एक वनडे इंटरनेशनल मैच खेल पाए हैं।

## न्यूज डायरी



### 3000-3500 करोड़ रुपये मिलेंगे आईपीएल की दोनों नई टीमों को

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पंजाब किंग्स के सह-मालिक नेस वाडिया का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन के लिए जिन दो नई टीमों का शामिल करना है उनकी कीमत 3000 से 3500 करोड़ रुपये से कम नहीं होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पहले ही बताया था कि वह दो नई टीमों के बारे में विस्तृत जानकारी 25 अक्टूबर को टीम नीलामी के बाद देगा। वाडिया ने दो नई टीमों को शामिल करने को आईपीएल के लिए अच्छा फैसला बताया। वाडिया ने कहा, दोनों नई टीमों की कीमत 2000 करोड़ के बेस प्राइस से 50 से 75 फीसदी ज्यादा होगी। मुझे लगता है कि हर टीम की कीमत कम से कम 3000 से 3500 करोड़ रुपये जाएगी। 50 वर्षीय वाडिया का मानना है कि आईपीएल में दो टीमों के शामिल होने से इस लीग को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा, इससे इस लीग को और अधिक दर्शक मिलेंगे। इससे आईपीएल पहले से अधिक मजबूत होगा।

### पूर्व क्रिकेटर ने मीटिंग में रमीज राजा को बोला रैम्बो, लगाई फटकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने बोर्ड के मुखिया की कुर्सी संभालते ही सख्त रवैया अपना लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहले उन्होंने पीसीबी के स्टाफ से काम करने को कहा था और अब एक रिपोर्ट सामने आई है कि पूर्व क्रिकेटर और सिंध क्रिकेट एसोसिएशन के मुख्य कोच बासित अली को रमीज राजा ने फटकार लगाई है, क्योंकि एक बैठक के दौरान रमीज राजा को बासित अली ने रैम्बो कहकर पुकारा था। एक रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी अध्यक्ष कुछ दिनों पहले छह प्रांतीय टीमों के मुख्य कोचों के साथ एक वर्चुअल मीटिंग कर रहे थे। इसी दौरान ये वाकया घटा। प्रांतीय टीमों के जो कोच हैं, उनमें से कई पीसीबी चेयरमैन रमीज राजा के साथ खेल चुके हैं। इन पूर्व क्रिकेटरों को खेल के दौरान के समय से ही रमीज राजा को उनके निकनेम रैम्बो के नाम से पुकारने की आदत है। इस मीटिंग में अपने उपनाम से संबोधित किए जाने पर रमीज राजा नाखुश थे।

### अंबाती रायुडू पिछले तीन-चार साल में रहा है सीएसके का प्लेयर आफ फ्रेंचाइजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स पर आप नजर डालें तो आप पाएंगे इस टीम में हर डिपार्टमेंट में बेहतरीन खिलाड़ी मौजूद हैं और टीम में काफी गहराई है। टीम में जहां रितुराज गायकवाड़ व फाफ डुप्लेसिस जैसे बेहतरीन ओपनर बल्लेबाज हैं तो वहीं डेथ ओवर्स में ड्वेन ब्रावो और शार्दुल ठाकुर बेहतरीन गेंदबाजी करते हैं। वहीं टीम में अन्य नाम भी एक से बढ़कर एक हैं। अब सीएसके की तरफ से पिछले तीन-चार साल में किस खिलाड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है या बेस्ट है इसके बारे में टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर ने बताया। सीएसके ने दो साल के बैन के बाद साल 2018 में वापसी की थी और इस सीजन में इस टीम ने तीसरी बार खिताब जीता था।

### 12वें खिलाड़ी की वजह से शीर्ष पर नहीं पहुंच पाई चेन्नई सुपर किंग्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सोमवार को आइपीएल के 14वें सीजन के 50वें मैच से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम अंकतालिका में शीर्ष पर थी, लेकिन कृष्णप्पा गौतम के एक कैच छोड़ने की वजह से वह न सिर्फ इस मैच को हार गई, बल्कि उसने अपना शीर्ष स्थान भी गंवा दिया। दिल्ली के खिलाफ चेन्नई को मिली हार का सबसे बड़ा कारण कृष्णप्पा गौतम रहे, जो कि 12वें खिलाड़ी के तौर पर मैदान पर एक खिलाड़ी की जगह फील्डिंग करने उतरे थे। दरअसल, 18वें ओवर में ड्वेन ब्रावो की एक फुलटास गेंद पर गौतम ने शिमरोन हेटमायर का आसान कैच गिरा दिया और इस पर चौका भी चला गया। यहीं से दिल्ली को मोमेंटम मिल गया।